भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1732
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन स्थलों के माध्यम से रोजगार सृजन**

**1732. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने पर्यटन स्थलों में रोजगार सृजन की संभावना पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस अवसर का विशेषकर बिहार राज्य में लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में, उपयोग करने के लिए क्या पहल की गई है;

(ग) क्या सरकार की नए पर्यटन स्थलों की पहचान करने और उन्हें विकसित करने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में घरेलू पर्यटन के विकास के लिए सरकार की कार्य-योजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): जी हां।

(ख): पर्यटन मंत्रालय "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" की अपनी योजना के माध्यम से बिहार सहित देश भर में विभिन्न संस्थानों के माध्यम से रोजगारोन्मुखी अल्पकालिक कौशल कार्यक्रम आयोजित करता है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश की विस्तृत पर्यटन क्षमता का पूरा लाभ उठाने के लिए और स्थानीय लोगों को पेशेवर विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए पर्यटन सेवा प्रदाताओं के हर स्तर पर जनशक्ति को प्रशिक्षित करना और उसे उन्नत करते रहना है।

(ग) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन स्थल और घरेलू पर्यटन के विकास के लिए निम्नलिखित कई पहल की हैं:

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', राष्ट्रीय तीर्थस्थल पुनरुद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रसाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय अभिकरणों

को सहायता'  योजनाओं के अंतर्गत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय अभिकरणों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में नया रूप प्रदान किया है और देश में 58 स्थलों की पहचान की है तथा 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 के अंतर्गत "चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)" के रुप में एक उप-योजना निरुपित की है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए गंतव्यों का समग्र विकास करना है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के अंतर्गत 23 राज्यों में ₹3295.76 करोड़ की लागत से 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का व्यापक विकास करना, उन्हें वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग और विपणन करना है।

"स्वदेश दर्शन 2.0" योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्र प्रशासनों में स्वीकृत परियोजनाओं और "सीबीडीडी" तथा एसएएससीआई के अंतर्गत पहचान किए गए स्थलों का राज्यवार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी द्वारा पर्यटन स्थलों के माध्यम से रोजगार सृजन के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1732 के भाग (ग) से (ङ) के उत्तर में विवरण

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 |
| 5 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 |
| 6 | असम | जोरहाट | रीइमेंजिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 |
| 7 | गोवा | पोरवोरिम | पोरवोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 23.56 |
| 8 | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 15.65 |
| 9 | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.64 |
| 10 | कर्नाटक | मैसूर | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.72 |
| 11 | कर्नाटक | मैसूर | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.47 |
| 12 | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 |
| 13 | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 |
| 14 | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 12.01 |
| 15 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 |
| 16 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 |
| 17 | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क - फेज3 | 76.22 |
| 18 | मेघालय | सोहरा | वॉटर्फॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 |
| 19 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 |
| 20 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको - | 7.87 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | पर्यटन एक्सपीरियंस | |
| 21 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 |
| 22 | पुडुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 |
| 23 | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 |
| 24 | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 |
| 25 | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस | 17.37 |
| 26 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इकोवेलनेस - एक्सपीरियंस | 15.40 |
| 27 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 |
| 28 | तमिलनाडु | मामल्लपुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 |
| 29 | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 |
| 30 | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिकवेलनेस एक्सपीरियंस - | 15.94 |
| 33 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 |
| 34 | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 |
| | | | **कुल राशि** | **791.25** |

**सीबीडीडी योजना के तहत चिह्नित किए गए गंतव्यों का विवरण:**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **गंतव्य** | **श्रेणी** |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | नागार्जुन सागर | संस्कृति एवं विरासत |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अहोबिलम मंदिर | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | किबिथो | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | बिचोम बांध स्थल | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | असम | शिवसागर | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 6. | बिहार | भागलपुर | संस्कृति एवं विरासत |
| 7. | बिहार | सारण जिला (सोनपुर मेला) | संस्कृति एवं विरासत |
| 8. | छत्तीसगढ़ | मयाली बगीचा | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 9. | गोवा | मायेम गांव | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 10. | गुजरात | पोरबंदर | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 11. | गुजरात | थोल गांव | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 12. | गुजरात | वडनगर | संस्कृति एवं विरासत |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | काजा | संस्कृति एवं विरासत |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | रक्छम, छितकुल | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 15. | झारखंड | रामरेखाधाम | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 16. | केरल | वर्कला | संस्कृति एवं विरासत |
| 17. | केरल | थालास्सेरी | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 18. | कर्नाटक | बीदर | संस्कृति एवं विरासत |
| 19. | कर्नाटक | उडुपी | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 20. | लद्दाख | मुश्कोह गांव | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 21. | लक्षद्वीप | लक्षद्वीप | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 22. | मध्य प्रदेश | मांडू | संस्कृति एवं विरासत |
| 23. | मध्य प्रदेश | ओरछा | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 24. | महाराष्ट्र | अहमदनगर | संस्कृति एवं विरासत |
| 25. | मणिपुर | लैंगथबलकोनुग | संस्कृति एवं विरासत |
| 26. | मेघालय | नर्तियांग गांव | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 27. | मेघालय | मावफलांग गांव | संस्कृति एवं विरासत |
| 28. | नागालैंड | दोयांग जलाशय | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 29. | नागालैंड | इमपुर गांव | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 30. | पुडुचेरी | व्हाइट टाउन | संस्कृति एवं विरासत |
| 31. | पंजाब | फिरोजपुर (हुसैनीवाला बॉर्डर) | संस्कृति एवं विरासत |
| 32. | पंजाब | रूपनगर (आनंदपुर साहिब) | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 33. | सिक्किम | गनथांग गांव | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 34. | सिक्किम | कबी | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 35. | तमिलनाडु | रामेश्वरम द्वीप | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 36 | तमिलनाडु | तंजावुर | संस्कृति एवं विरासत |
| 37. | तेलंगाना | नलगोंडा | संस्कृति एवं विरासत |
| 38. | तेलंगाना | कामारेड्डी | इकोपर्यटन और अमृतधरोहर स्थल |
| 39. | उत्तर प्रदेश | महोबा | संस्कृति एवं विरासत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 40. | उत्तराखंड | माना गांव | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 41. | उत्तराखंड | जादुंग | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 42. | उत्तराखंड | कैंचीधाम | आध्यात्मिक पर्यटन |

**एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रू.) |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अखंड गोदावरी - (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट), राजमहेंद्रवरम | 77.91 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अखंड गोदावरी- (हवेलोक ब्रिज और पुष्कर घाट) राजा महेंद्रवरम में, | 94.44 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, पासीघाट | 46.48 |
| 4. | असम | असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान, गुवाहाटी | 97.12 |
| 5. | असम | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 6. | बिहार | मत्स्यगंधा झील का विकास, सहरसा | 97.61 |
| 7. | बिहार | करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |
| 8. | छत्तीसगढ़ | रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 |
| 10. | गोवा | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 97.46 |
| 11. | गोवा | पोरवोरिम में टाउनस्क्वेयर | 90.74 |
| 12. | गुजरात | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| 13. | गुजरात | टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर, धोर्डो | 51.56 |
| 14. | झारखंड | तिलैया, कोडरमा का इको-पर्यटन विकास | 34.87 |
| 15. | कर्नाटक | रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 |
| 16. | कर्नाटक | सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास, बेलगावी | 100.00 |
| 17. | केरल | अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र, कोल्लम | 59.71 |
| 18. | केरल | सरगालयाः मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 |
| 19. | मध्य प्रदेश | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 |
| 20. | मध्य प्रदेश | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन | 99.38 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | सेंटर | |
| 21. | महाराष्ट्र | आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग | 46.91 |
| 22. | महाराष्ट्र | नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 |
| 23. | मणिपुर | लोकटक लेक एक्सपीरियंस | 89.48 |
| 24. | मेघालय | मावखानू, शिलांग में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 |
| 25. | मेघालय | उमियम झील का पुनर्विकास, शिलांग | 99.27 |
| 26. | ओडिशा | हीराकुंड का विकास | 99.90 |
| 27. | ओडिशा | सतकोसिया का विकास | 99.99 |
| 28. | पंजाब | एसबीएस नगर में खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 |
| 29. | राजस्थान | आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास, जयपुर | 49.31 |
| 30. | राजस्थान | जल महल, जयपुर का विकास | 96.61 |
| 31. | सिक्किम | स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग, नामची | 97.37 |
| 32. | सिक्किम | बॉर्डर एक्सपीरियंस, नाथुला | 68.19 |
| 33. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 |
| 34. | तमिलनाडु | देवला, में फूलों का बगीचा | 70.23 |
| 35. | तेलंगाना | रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| 36. | तेलंगाना | सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट, नल्लामाला | 68.10 |
| 37. | त्रिपुरा | गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क | 97.70 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 39. | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |
| 40. | उत्तराखंड | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 |
| | | **कुल** | **3295.76** |

*******